तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 14.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 2 दिसंबर 2025



12 एड्स जागरुकता एवं बच्चों से संबंधित...





12 आईटीआई में मनाया गया विश्व एड्स दिवस






**खबर संक्षेप**

### एक्सीडेंट में पिता-पुत्री घायल

**महासमुंद।** ग्राम धुमाभांठा में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक में सवार पिता-पुत्री घायल हो गए। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को मोहन चौहान निवासी भैंसाखुरी ने बताया कि उसकी पुत्री खीरबाई चौहान रायपुर में रहती है। 28 नवंबर को रायपुर से घर आ रही थी,जिसे लेने वह अपनी बाइक सीजी 06 जीएल 9611 से बसना लेने आया था। मेरी आंखे कमजोर होने के कारण बसना से वापस घर जाते समय बाइक को उसकी पुत्री खीरबाई चला रही थी और वह पीछे बैठा हुआ थ । ग्राम धुमाभांठा बनु बाबू के घर के पास पहुंचने पर अज्ञात वाहन के चालक ने ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे दोनों को चोट आई। पुत्री को गंभीर चोंट लगने से रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालकके विरूद्ध धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना मे लिया गया है।



### जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य सतत रूप से जारी

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य 04 नवम्बर 2025 से प्रारंभ है। इसी क्रम में जिले के चारों विधानसभा सरायपाली-39, बसना-40, खल्लारी-41 एवं महासमुंद-42 में कुल 1083 बीएलओ द्वारा निर्वाचक गणना प्रपत्रों का शत प्रतिशत वितरण पूर्ण कर लिया गया है। साथ ही जिले में प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य भी तेजी से आगे बढ़ रहा है, जो अब तक 84.64 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने सभी बीएलओ को एसआईआर की संपूर्ण प्रक्रिया समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। जिले में कुल 8 लाख 86 हजार 422 मतदाता पंजीकृत है, इनमें 7 लाख 50 हजार 260 मतदाताओं के गणना प्रपत्रों को डिजिटाइज्ड किया जा चुका है। जिसमें सरायपाली अंतर्गत 84.60 प्रतिशत, बसना अंतर्गत 89.01 प्रतिशत, खल्लारी अंतर्गत 87.06 प्रतिशत एवं महासमुंद अंतर्गत 77.44 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है। उल्लेखनीय है कि एसआईआर प्रक्रिया पूरी करने की अंतिम तारीख 4 दिसंबर तक थी। चुनाव आयोग द्वारा जारी नया शेड्यूल के अनुसार एसआईआर समय सीमा में 7 दिवस बढ़ाने पर अब 11 दिसंबर तक विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य जारी रहेगा।

# भूमि दर में अप्रत्याशित वृद्धि, रियल स्टेट कारोबारियों ने किया प्रदर्शन

## दर वृद्धि तत्काल समाप्त करने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राजस्व भूमि के बाजार मूल्य में अप्रत्याशित वृद्धि को तत्काल समाप्त करने की मांग को लेकर रियल स्टेट से जुड़े कारोबारियों ने लोहिया चौक में प्रदर्शन किया। सोमवार को कारोबारियों ने रैली निकाली और एसडीएम दफ्तर पहुंचकर राज्यपाल के नाम राजस्व अफसरों को ज्ञापन सौंपा।

व्यापारियों ने प्रदर्शन के दौरान बताया कि मूल्य के पुनः निर्धारण की प्रक्रिया के तहत वर्ष 2025-26 हेतु मूल्य निर्धारित कर 20 नवंबर 2025 से समस्त छग प्रांत में प्रभावशील किया गया है। भारत वर्ष के संपूर्ण राज्य में वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में नई गाइडलाइन के तहत दर बनाई जाती है। व्यवहार के विपरीत राज्य शासन द्वारा वर्ष के मध्य में एनवल मार्केट वेल्यू रेट के विरूद्ध गाइड लाइन पर 300-500 प्रतिशत अव्यवहारिक वृद्धि की गई है। जबकि, पूर्व में ही वर्ष 2025-26 में गाइडलाइन की दरों पर लगभग 42 प्रतिशत की वृद्धि की जा चुकी है। इस तरह की वृद्धि से विक्रय विलेख (सेल डीड) का खर्च भूमि की कीमत से ज्यादा होगा जो कि क्रेता, विक्रेता के हित योग्य नहीं है। शासन द्वारा बिना अधिसूचना जारी किये, बिना आपत्ति या सुझाव लिये गाइड लाइन में बदलाव किया गया है जो कि व्यवहारिक नहीं है। गाइड लाइन में वृद्धि विकास एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर के आधार पर होती है। यहां डेवलपमेंट शून्य और कीमत बेतहाशा है जो कि आम जनता पर अत्याचार है। नई गाइड लाइन जाने अनजाने विवादों को जन्म देगी एवं क्रेता विक्रेता को अवैधानिक कार्य करने हेतु मजबूर करेगी। इस मनमाने गाइड लाइन के आने से राज्य को राजस्व की क्षति हुई है। महासमुंद पंजीयन कार्यालय में प्रतिदिन लगभग 30 से 40 पंजीयन होता है जो कि विगत 10 दिनों में कुल 15 से 20 पंजीयन ही हुआ है।




### सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन का परिणाम है जमीन की नई गाइड-लाइन : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भाजपा की साय सरकार छत्तीसगढ़ में आर्थिक रूप से कमजोर हो चुकी है, अपने आर्थिक कुप्रबंधन के चलते चुनावी घोषणा पत्र में किए वादे को पूरा नहीं कर पा रही है। इसलिए नई-नई शराब दुकानें खोलकर, प्रदेश की खनिज संपदा को बेचकर तथा तरह-तरह के टैक्स बढ़ाकर जनता पर बोझ थोपने का काम सरकार द्वारा किया जा रहा है। उक्त वक्तव्य सरकार द्वारा जमीनों के नई गाइड-लाइन जारी करने पर पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कही। उन्होंने कहा कि सरकार ने अचानक जमीनों की सरकारी कीमत 10 से 100 प्रतिशत बढ़ा दिया है। नियमतः देशभर में जमीन की गाइड लाइन दर एक बार में 10 से 15 प्रतिशत ही बढ़ाई जाती है।

## कार्रवाई : राइस मिल में अनियमितता पर 3020 कट्टा जब्त, जिले में कार्रवाई जारी

# 102 प्रकरणों में 9369 क्विंटल धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अवैध धान परिवहन, संग्रहण, और विक्रय के खिलाफ सख्त और व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर विनय लंगेह के सीधे निर्देश पर गठित संयुक्त टीमों ने लगातार छापेमारी और स्टॉक वेरिफिकेशन की कार्रवाई करते हुए अब तक 102 प्रकरणों में 9,369 क्विंटल से अधिक धान की बड़ी मात्रा जब्त की है। यह कार्रवाई जिले में धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने की प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस अभियान के तहत 1 दिसंबर को, खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम ने जिले के एक प्रमुख राइस मिल में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। स्टॉक वेरिफिकेशन के दौरान चौंकाने वाला खुलासा हुआ, जब मिल में धान का स्टॉक घोषित मात्रा से अधिक पाया गया। खाद्य अधिकारी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि पिथौरा स्थित रियांश राइस मिल राजाडेरा में कस्टम मिलिंग वर्ष 2024-25 का 3020 कट्टा धान स्टॉक से अधिक पाया गया। यह कृत्य कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 का स्पष्ट उल्लंघन है, जिसके तहत अतिरिक्त धान को मौके पर ही जब्त कर लिया गया। प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई ने राइस मिल संचालकों के बीच हड़कंप मचा दिया है और यह स्पष्ट संदेश दिया है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### अवैध परिवहन पर पैनी नजर

संयुक्त टीमों की पैनी नजर केवल राइस मिलों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि जांच चौकियों और ग्रामीण मार्गों पर भी अवैध धान परिवहन के खिलाफ सख्ती बरती जा रही है। संयुक्त टीम ने बागबाहरा क्षेत्र में अवैध तरीके से परिवहन किए जा रहे 72 कट्टा धान को जब्त किया। यह जब्त धान आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए तत्काल थाना के सुपुर्द कर दिया गया है। इसी क्रम में सरायपाली में भी धान का अवैध परिवहन करते हुए एक गाड़ी और 60 कट्टा धान को जब्त किया गया। जब्त किए गए वाहन और धान को नियमानुसार थाना सरायपाली को सौंप दिया गया है।

### सतत निगरानी और कठोर चेतावनी

कलेक्टर विनय लंगेह ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि यह सघन जांच अभियान अनवरत जारी रहेगा। खाद्य अधिकारी ने कहा है कि जिले की सभी राइस मिलों में भौतिक सत्यापन का कार्य लगातार जारी रहेगा। उन्होंने मिल संचालकों और व्यापारियों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि स्टॉक में किसी भी तरह की अनियमितता पाए जाने, अवैध परिवहन या संग्रहण के प्रयासों पर संबंधित संस्थानों और व्यक्तियों पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

### पिता-पुत्र के साथ मारपीट

**महासमुंद।** पिता-पुत्र के साथ मारपीट के मामले में सांकरा थाने में आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को जय प्रकाश बारीक निवासी मोहगांव ने बताया कि 29 नवंबर को वह अपने खेत बियारा लवनटांड में अपने पिता डाक्टर बारीक, मां स्नेहलता बारीक तथा मामा निरंजन भोई के साथ धान बीज लेने आया था व मजदूर निमंकर साहू के साथ धान में लगे मिट्टी की साफ सफाई कर रहे थे। इसी दौरान करीब 11 बजे ग्राम पतेरापाली निवासी बिसीकेशन ठाकुर, कमलेश ठाकुर, शैलेश ठाकुर आये और बिजली कनेक्शन को क्यों हटा दिए कहकर गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# करणी कृपा प्लांट की पाइपलाइन के लिए किसानों की जमीन पर अवैध बुलडोजर

### किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने ठेकेदारों और प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गोपालपुर एनीकट जो किसानों और पशुओं की निस्तारी के लिए बनाया गया था, उसके आसपास के गाँवों में करनी कृपा एग्रो प्राइवेट लिमिटेड के पाइपलाइन ठेकेदारों ने आतंक मचा रखा है। बिना पंचायत प्रस्ताव, बिना ग्राम सभा की सहमति और बिना किसी वैधानिक अनुमति के ठेकेदार भारी मशीनों और ट्रकों से छोटे-छोटे गांवों की सड़कों पर दौड़ लगा रहे हैं, कृषि भूमि की अवैध खुदाई कर रहे हैं और विरोध करने वाले किसानों-ग्रामीणों को खुलेआम धमकाया जा रहा है। किसान नेता एवं किसान कांग्रेस के महासमुंद जिला अध्यक्ष मानिक साहू ने विज्ञप्ति जारी कर ठेकेदारों और स्थानीय प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मानिक साहू ने कहा, "तुमगांव और आसपास के गांवों के किसान भय के साए में जी रहे हैं। ठेकेदारों के भारी वाहन गांव की संकरी सड़कों को तोड़ रहे हैं, फसलें बर्बाद कर रहे हैं, लेकिन जब किसान विरोध करते हैं तो उन पर झूठे मुकदमे ठोंक कर जेल भेजा जा रहा है। सबसे शर्मनाक घटना यह हुई कि जब गांव के कुछ लोग प्लांट के बाहर छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति स्थापित कर रहे थे, तब भी पुलिस ने 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि वास्तविक दोषी ठेकेदार खुलेआम घूम रहे हैं। सरपंच पति को भी लूटपाट के झूठे केस में जेल भेज दिया गया सिर्फ इसलिए क्योंकि उन्होंने ठेकेदारों का विरोध किया था।" श्री साहू ने आगे कहा,की ग्रामीण थाने में शिकायत करते है लेकिन महासमुंद की पुलिस ठेकेदारों के इशारे पर ही चल रही है। किसान फोन करें तो पुलिस नहीं आती, ठेकेदार फोन करें तो तुरंत हाजिर होकर किसानों को ही धमकाने लगती है। यह लोकतंत्र नहीं, ठेकेदार-तंत्र है। गोपालपुर एनीकट किसानों की जीवनरेखा है, उसकी जल-स्तर को खतरे में डालकर सिर्फ एक निजी प्लांट के लिए यह सब हो रहा है। हम यह बर्दाश्त नहीं करेंगे।"



किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मानिक साहू ने चेतावनी दी है कि अगर अवैध खुदाई और किसानों पर दमन तत्काल नहीं रुका तो किसान कांग्रेस पूरे महासमुंद जिले में बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होगी। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व और मुख्यमंत्री से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। मानिक साहू ने आगे कहा है कि पिछले कई दिनों से लगातार गांव-गांव जाकर किसानों संपर्क कर रहे हैं। ग्रामीणों ने श्री साहू को बताया है कि ठेकेदारों अपनी मर्जी से सारे नियम कायदे कानून को तांक पर रख कर काम कर रहा है।

## मजदूरों ने कंपनी पर लगाया शोषण का आरोप

# 8 घंटे कहकर लिया जा रहा 14 घंटे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बिरकोनी औद्योगिक क्षेत्र के फ्लोटेक्स सोलर प्राइवेट कंपनी में कार्यरत मजदूर कंपनी में कार्य करने के समय, पीएफ न मिलने और सुरक्षा इंतजाम न होने की शिकायत को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे। मजदूरों का आरोप है कि कंपनी द्वारा लगातार शोषण किया जा रहा है, और कंपनी के मैनेजर से कई बार बात की पर वह कुछ सुनने को तैयार नहीं हैं।

कलेक्टोरेट पहुंचे मजदूर चंचल वानी, गायत्री बंजारे, प्रेमीन साहू, अनीता तांडी, रूपकुमारी बघेल, जागेश्वर यादव, सागर टंडन, ठाकुरराम, दुष्यंत कुर्रे, भेखलाल, मनहरण बघेल आदि ने कहा कि फ्लोटेक्स सोलर प्राइवेट कंपनी में कम से कम 300-400 मजदूर काम करते हैं जिनमें 35-40 महिलाएं हैं। मजदूरों ने आरोप लगाया कि कंपनी में मजदूर सुरक्षा संबंधी कोई इंतजाम नहीं है और तो और हाई टेम्प्रेचर में काम कराते हैं अगर, किसी के साथ कोई दुर्घटना भी होती है तो हॉस्पिटल भी नहीं भेजा जाता। कंपनी में मजदूर ठेकेदार मजदूरों से मारपीट और गाली-गलौज करते हैं। मजदूरों ने बताया कि हमें 8 घंटे बोल कर 14 घंटे काम लिया जाता है, जिसके बदले 14 हजार रुपए मजदूरी दी जाती है और पीएफ की भी सुविधा नहीं दी जा रही है। श्रम विभाग में शिकायत करने की बात कहते हैं तो कहा जाता है कि जहां शिकायत करनी हो कर दो, कोई फर्क नहीं पड़ता।



### ठंड में अलाव बना सहारा

मजदूरों ने कहा कि कंपनी के मैनेजर द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता हैं। मजदूरों ने बताया कि उपरोक्त मांगों को लेकर रविवार से काम बंद कर एक दिवसीय धरना कंपनी के गेट पर दिए और कंपनी के मैनेजर से बात करनी चाही पर उन्होंने चर्चा नहीं की। बाद आज हम कलेक्टर से शिकायत करने पहुंचे हैं।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

**सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम**

**रायपुर संस्करण -** 297. खुशी नायक पिता\पति संदीप नायक पता - रावन भाटा रायपुर, 298. भारत लाल चतुर्वेदी पिता\पति स्व. ताराचंद चतुर्वेदी पता- रावतपुरा कॉलोनी फेज 01 मठपुरेना रायपुर, 299. भावना वर्मा पिता\पति खोमन वर्मा पता- जागृति नगर बीरगांव, 300. प्रियंका ठाकरे पिता\पति सचिन ठाकरे पता- संजय नगर रायपुर, 301. श्रीकांत वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता- डिगापारा रायपुर, 302. इन्द्राणी रमेश शर्मा पिता\पति व्यास नारायण मिश्रा पता - ब्राम्हण पारा रायपुर, 303. भाविका साहू पिता\पति गौतम साहू पता - वेदांता सिटी कांदुल रोड, 304. लक्ष्मीकान्त यादव पिता\पति जे.एल. यादव पता - मठपारा रायपुर, 305. संतोषी यादव पिता\पति सतीश यादव पता- पुरानी बस्ती रायपुर, 306. प्रेमचंद साहू पिता\पति टेटकू राम साहू पता – पिपरौद, 307. खुमेश साहू पिता\पति प्रेम लाल साहू पता- तर्रा पोस्ट -सुरसाबांधा, 308. चुन्नी निर्मलकर पिता\पति पुनीतराम निर्मलकर पता-सेमरा भखारा, 309. तोवा राम साहू पिता\पति स्व. पंचराम साहू पता- नगरी, 310.कुनाल साहू पिता\पति डोमेन्द्र साहू पता- सांकरा , नगरी, 311. अमन कन्नौजे पिता\पति एस.आर. कन्नौजे पता- वार्ड न. 43 बसंतपुर राजनादगांव, 312. रेणुका श्रीवास्तव पिता\पति एस .एल श्रीवास्तव पता- रेवाडीह वार्ड न. 21, 313. प्रज्वल पाटिल पिता\पति जसवंत पाटिल पता- वार्ड न.-16, बैलापसरा राजनादगांव, 314. यशवंत कुमार सप्रे पिता\पति ईतवारी राम सप्रे पता- बेमेतरा, 315. टीकाराम सेन पिता\पति सुकदेव राम सेन पता- बरदेभाठा चौक कांकेर, 316. दुलेश्वरी पिता\पति मुकेश कुमार पता- डौंडी नगर भंडारी पारा वार्ड न. 08, 317. सुमन ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 318. खोमराज पटेल पिता\पति भवर लाल पटेल पता- नर्रा, 319. महेश आमदे पिता\पति भुलऊराम आमदे पता- कवर्धा, 320. तेजनाथ साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- कमल कॉलोनी बलौदाबाजार, 321. सुयश आचार्य पिता\पति प्रशांत आचार्य पता- अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 322. पंकज कुमार साहू पिता\पति छत्रपाल साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, 323. बलदाऊ लाल साहू पिता\पति स्व. रम्मू लाल साहू पता- आदर्श स्ट्रीट रामनगर भिलाई, 324. डिम्पल चौधरी पिता\पति नन्द जोधेल पता-दुर्गा पारा मुकम खदान सुपेला, 325. जानवी टंडन पिता\पति M.L.टंडन पता-वेदांत नगर फेज-2 उमरपोटी, 326. अथर्व विकास बेहेरे पिता\पति विकास विनायक बेहेरे पता- सुभाष नगर, 327. ईशा राजपूत पिता\पति अशोक राजपूत पता-सुभाष नगर वार्ड 42 दुर्ग, 328. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 329. स्वीकृति चौहान पिता\पति बिरेन्द्र चौहान पता- साहू पारा रामनगर भिलाई, 330. गजरा सोनी पिता\पति ननकू प्रसाद सोनी पता-दुर्ग, 331. रितिका साहू पिता\पति ताम्रध्वज साहू पता- कोहिका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण-** 332. अफरोज बानो, पिता/पति- मुनव्वर खान पता- आदर्श चौक मंगला, बिलासपुर 333. राजकुमारी साहू पिता/पति- बाबू लाल साहू पता- बहतराई, बिलासपुर, 334. सुलोचना कुर्रे पिता/पति- राजाराम कुर्रे पता- बंधवा पारा सरकंडा, बिलासपुर, 335. कुसय हुसैन पिता/पति-मुश्ताक हुसैन पता- खपरगंज बिलासपुर, 336. आरती शर्मा पिता/पति- स्व.एम.एल.शर्मा पता- गुरूनानक चौक, बिलासपुर, 337. मनोज नाथानी पिता/पति- माधसव दास नाथानी पता- रामा वैली आर-8-11, बिलासपुर, 338. साक्षी साहू पिता/पति-चंद्रशेखर साहू पता- तोरवा बिलासपुर, 339. प्रियंका शर्मा पिता/पति- श्री पवन शर्मा पता- ईदगाह रोड, बिलासपुर, 340. राकेश सिंह राजपूत पिता/पति- विजय सिंह राजपूत, पता- सांई नगर, उस्लापुर बिलासपुर 341. मालती साहू पिता/पति-देवलाल साहू पता- बाजार चौक, यदुनंदन नगर, तिफरा बिलासपुर, 342. सतीश कुमार साहू पिता/पति- बुधराम साहू पता- तिफरा बिलासपुर, 343. अर्थव यादव पिता/पति-सुदर्शन यादव पता- कस्तूरबा नगर, बिलासपुर, 344. माही यादव पिता /पति - सूरज यादव, पता- पड़ावपारा कोटा, 345. सुशील कुमार पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 346.सुमन सूर्यवंशी पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 347. जानवी कौशिक पिता /पति - सनत कौशिक, पता - खमरिया काठाकोनी, 348. साधना भगत पिता /पति - गोपाल राम भगत , पता – रतनपुर, 349. नरेश गोयल पिता /पति - नैवत राम गोयल, पता -पेण्ड्रा रोड , 350. किरण पांडे पिता /पति - रवि शंकर पांडे पता - पुरानी बस्ती मस्तूरी, 351. हर्षिता कौशिक पिता /पति - उमाशंकर कौशिक पता - सिचाई कालोनी सकरी, 352. दीपक कुमार यादव पिता /पति - जीवन लाल यादव पता - कर्रा सीपत, 353. प्रियंका सूर्यवशी , पिता /पति - नारायण प्रसाद सूर्यवंशी , पता - भरारी जांजगीर जिला, 354 दिनेश कुमार यादव, पिता /पति - नर्मदा प्रसाद यादव, पता- शकुल पारा खरौद **भोपाल संस्करण-** 355. शिवन्या जाटव पिता\पति - स्व मोनू जाटवमकान न. 2597 राजीव नगरकोटरा, 356. हर्षिता तोमर पिता\पति - देवेन्द्र सिंह तोमर "नेहरू नगर भोपाल, 357. साबरा बी पिता\पति - मो. जोएब 126 इंद्रा नगर टीला जमालपुरा, 358. जाकिया आमिर पिता\पति - मो. आमिरखान मुफ्ती साहबकवीटपुरा, 359. पवन यादव पिता\पति - मांगीलाल ग्राम नून्या हेड़ीराजगढ़, 360. मधु दांगी पिता\पति - सोमराज दांगीशर्मा कॉलोनी प्रताप वार्डबीना, 361. पूनम दांगी पिता\पति - नीरज सिंह दांगीसागौनीगुरू सागर, 362. फैजान खान पिता\पति - आतिफ खान सीहोर नाका सीहोर, **जबलपुर संस्करण-** 363. निधि अग्रवाल पिता\पति- रतन अग्रवाल लाल कुआं हनुमानताल जबलपुर, 364. भारती मिश्रा पिता\पति – स्व. राजकुमार दुबे रिछाई जबलपुर, 365. रजनी सुदीशा पिता\पति- उत्तम कुमार सुदिशा बिरसिंहपुर पाली उमरिया, 366. शरद विश्वकर्मा पिता\पति - हरलाल विश्वकर्मा छपारा सिवनी, 367. मनीष विश्वकर्मा पिता\पति - इंद्रजीत विश्वकर्मा प्रेम नगर इसाई मोहल्ला मदन महल, 368. नरेश नाईक पिता\पति - स्वर्गीय पंदरीनाथ नाईक शिवनगर गढ़ा जबलपुर, 369. राजेंद्र अहिरवार पिता\पति - नारायण प्रसाद अहिरवार मकान नंबर 113 छिंवला ग्वारीघाट जबलपुर, 370. श्रुति शुक्ला पिता\पति - सुधीर कुमार शुक्ला मकान नंबर 361 दुर्गा कॉलोनी शीतला माई वार्ड घमापुर जबलपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### सोनिया व राहुल पर रिपोर्ट दर्ज विरोध में कांग्रेस ने पुतला फूंका

**कांकेर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के ऊपर ईडी के द्वारा किए गए एफआईआर के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर के द्वारा 1 दिसंबर को दोपहर 3 बजे पुराना बस स्टैंड में ईडी एवं प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन मे मुख्य रूप से जितेंद्र सिंह ठाकुर, जनक नंदन कश्यप, विजय यादव, मनोज जैन, अजय रेणु, उदय बंटी शर्मा, सरजू शोरी, शिवांकित श्रीवास्तव, यासीन कराणी, कमल नागवंशी, खोमेन्द्र उइके, सत्यार्थ करायत, सुमित राय, चंद्रलोक ठाकुर, सोमेश सोनी, जीशान अली, टुकेश्वर साहू, पंचराम सलाम, नरसिंह तेता, बबलू देवांगन, तारश सिन्हा, प्रशांत सिन्हा, विनय ठाकुर एवं अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### युवक ने जहर खाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत चिनौरी निवासी 24 वर्षीय कोमल साहू ने जहर खा लिया, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतिका ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए परिजन उसे रायपुर के अस्पताल में लेकर गए। अस्पताल में इलाज के दौरान 6 अगस्त को मौत हो गया। मृतिका ने जहर क्यो खाया यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### युवक ने खाया जहर, हुई मौत

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत बारदेवरी निवासी 25 वर्षीय अजय कुमार नाग का इलाज के दौरान 30 नवंबर को मौत हो गया। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### ऋण के लिए 15 तक कर सकते हैं आवेदन

**कांकेर।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कांकेर द्वारा जिले में निवासरत अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को स्वरोजगार स्थापना के लिए ऋण सहायता प्रदाय करने के लिए 15 दिसम्बर तक आवेदन करने का मौका दिया है। अंत्योदय स्वरोजगार योजनांतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के 48 युवक-युवतियों को ऋण सहायता उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। आवेदक को संबंधित जाति वर्ग का होना चाहिए और जिले का मूल निवासी होना चाहिए। उसकी पारिवारिक वार्षिक आय शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 01 लाख 50 हजार रुपए से अधिक नहीं होना चाहिए।

### पीएम सूर्य घर के लिए आज से नगरीय क्षेत्रों में शिविर

**कांकेर।** प्रधानमंत्री सूर्य घर योजनांतर्गत घरों में सौर ऊर्जा पैनल लगाने के लिए आम लोगों को जागरूक करने जिले के सभी नगरपालिका व नगर पंचायत क्षेत्रों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जानकारी के अनुसार 02 दिसम्बर मंगलवार को न्यु कम्युनिटी हॉल सामुदायिक भवन कांकेर में, 03 दिसम्बर बुधवार को सामुदायिक भवन नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में, 04 दिसम्बर गुरूवार को नगर पंचायत भवन अंतागढ़ और चारामा में तथा 05 दिसम्बर शुक्रवार को नगर पंचायत भवन पखांजूर एवं नरहरपुर में शिविर आयोजित किए जाएंगें। उक्त शिविर में कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग के साथ ही विभागीय अधिकारी एवं पंजीकृत वेंडर उपस्थित रहेंगे।

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए 20 तक है मौका

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों को किसा घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस एवं बुद्धिमता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाना है। योजनांतर्गत 05 बालक-बालिकाओं को 25 हजार रूपए की राशि तथा प्रशस्ति पत्र पुरस्कार के रूप में प्रदान किए जाने का प्रावधान है।

भैंसबोड़ में कवि सम्मेलन के साथ हुआ सम्मान समारोह

# सरस कविताओं ने देर रात तक श्रोताओं को खूब गुदगुदाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

भैंसबोड़ में देर रात्रि तक चले कवि सम्मेलन में संगवारी साहित्य समिति सिर्री और त्रिवेणी संगम साहित्य राजिम से पहुंचे कवियों ने अपनी कविताओं से महफ़िल को सराबोर किया। इस अवसर पर संगवारी साहित्य समिति के संस्थापक सौहेंद्रसिंग गुरुदत्ता, मानस मर्मज्ञ रामेश्वर सिन्हा, वरिष्ठ साहित्यकार मोहनलाल घिवरिया सिर्री, गंगाप्रसाद परेटहा भैंसबोड़ को संगवारी साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी साहू थीं। अध्यक्षता सरपंच श्रीमती गंगा ने की। कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक लोकगायिका सेलिना दावना, कामताप्रसाद साहू तहसील अध्यक्ष साहू समाज थे।



शीत ऋतु की ठंड के बीच कवियों ने गर्मजोशी के साथ अलग-अलग विधाओं की कविता के साथ देर रात्रि तक समां बांधे रखा। मुख्य अतिथि गीतेश्वरी साहू ने साहित्य और कविता को समाज में जागरूकता और क्रांति लाने वाला तत्व बताया। कवि मकसूदनराम साहू बरीवाला नवापारा, नूतन साहू पांडुका, किशोर निर्मलकर राजिम, नरेंद्र पार्थ खंडवा, गंगाप्रसाद परेटहा, बृजलाल दावना, मोहनलाल घिवरिया, आरपी सिन्हा, सौहेन्द्रसिंग गुरुदत्ता सिर्री, मोहन कंसारीनारी, राजू छत्तीसगढ़िया, चोपेश्वर बालकवि हर्षित गातापार, लुकेश साहू मरौद, जागेंद्र सिन्हा कन्हारपुरी, घनाराम साहू जोरातराई, नरेश साहू, बाल लोकगायिका सेलिना दावना भैंसबोड़, बाल लोकगायिका पंडवानी आराध्या साहू ने अपनी प्रस्तुति दी। सम्मेलन का संचालन रामेश्वर साहू बकली ने किया।

कार्यक्रम में कृष्ण कुमार साहू पंचायत सचिव, रुद्रकुमार साहू शिव शक्ति मंदिर समिति अध्यक्ष, शिवकुमार साहू ग्रामीण साहू समाज सचिव भैंसबोड़, दुलरवा साहू सलाहकार भैंसबोड़, रामस्वरूप यादव, बिसहत तारक, दीनू साहू, लोकेश साहू, हेमनाथ दावना, सोमराज दावना, जितेन्द्र दावना, पवन तारक, संतराम सेन, भूवनलाल साहू, फूलसिंग धीवर, योगेन्द्र साहू, यशोदा धीवर, संगीता साहू, सेवानिवृत्त शिक्षक छन्नूलाल साहू व रोमलाल साहू, होमेन्द्र साहू, कामता प्रसाद साहू, अशोक टंडन, डोमार सिंग साहू, तोरण साहू का सहयोग रहा।

## संविधान लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करता है

**नगरी।** शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में राजनीति विज्ञान विभाग, रासेयो एवं स्वीप के तत्वावधान में संविधान दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. भीमराव की तस्वीर पर पूजा अर्चना से प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा द्वारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया गया एवं संविधान की शपथ दिलाई गई। स्वतंत्रता समानता और बंधुत्व के आदर्श को जीवन में लागू करने तथा राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया। राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. आरआर मेहरा ने विद्यार्थियों को समझाया कि संविधान लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करता है। डॉ. ममता सौरज अतिथि व्याख्याता ने कहा कि सामाजिक सद्भावना और राष्ट्रहित को सदा अपना जीवन में अपनाएं। इस अवसर पर डॉ. रमेश देवांगन, डॉ.अश्वनी धुव, प्रो.जयराम कुर्रे, प्रो.हितेशानंद ठाकुर, डा. कविता, प्रो.मोहित कुर्रे, डॉ.ममता सौरज, डा. अंबा शुक्ला, डा. संध्यारजनी मिश्रा, डॉ.वेणु साहू, उर्वशी साहू, डिलेश्वरी पटेल, नेहा राजन, सीता नेताम, सौरभ पाण्डेय, प्रमोद चौरे, सागर मंडावी, अब्बास मेमन, लाकेश समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# दो दिन की तलाश के बाद मिला डूबे युवक का शव



■ नरहरा वाटरफॉल की सैर करने अपने दोस्तों के साथ आया था तोरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नरहरा जलप्रपात में डूबे युवक तोरण नायक का शव दो दिन की तलाश के बाद मिला। पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर के कोटा निवासी युवक तोरण नायक रविवार को अपने दोस्तों के साथ जिले के नरहरा जलप्रपात घूमने आया था। नहाने के दौरान युवक गहरे पानी में गिर गया जिसे उनके दोस्तों ने ढूंढने का काफी प्रयास किया लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस की टीम और गोताखोरों ने मौके पर पहुंचकर सर्च ऑपरेशन शुरू किया। देर शाम तक युवक का पता नहीं चल पाया। सोमवार की सुबह फिर से सर्च ऑपरेशन चलाया गया। युवक का शव वाटरफॉल से निकाला गया। बरामद शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंपा गया।


मगरलोड थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत शुक्ला ने बताया कि रायपुर घूमने आया तोरण अपने दोस्तों के साथ वाटरफॉल में नहा रहा था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया। घटना रविवार 1 बजे की है। सूचना मिलते ही पुलिस गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंची। रविवार को सर्च ऑपरेशन में युवक का कोई पता नहीं चला। सोमवार सुबह फिर से सर्च ऑपरेशन किया गया। सुबह करीब 10 बजे युवक की लाश मिली। पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को शव सौंप दिया गया।

# फॉस्टेक प्रशिक्षण में 166 रसोइए हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के समन्वय से धमतरी जिले के लगभग 1132 स्कूलों में कार्यरत मध्यान्ह भोजन रसोइयों के लिए फॉस्टेक प्रशिक्षण 1 से 10 दिसंबर तक ब्लॉक एवं संकुल स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्रदान करने भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली से अधिकृत प्रशिक्षक धमतरी पहुंचे हैं।

प्रशिक्षण में रसोइयों को मध्यान्ह भोजन के निर्माण एवं



परोसने के दौरान अपनाई जाने वाली खाद्य सुरक्षा मानकों, स्वच्छता प्रक्रियाओं तथा खाद्य विषाक्तता (फूड प्वाइजनिंग) से बचाव संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही भोजन पकाते समय पोषक तत्वों को सुरक्षित रखने की तकनीकें ऑडियो-वीडियो माध्यम से प्रदर्शित की गईं।

1 दिसंबर को बीआरसीसी भवन कुरूद में आयोजित प्रशिक्षण सत्र में 166 रसोइयों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कुरूद चन्द्रकुमार साहू, अभिहित अधिकारी सर्वेश कुमार यादव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी फनेश्वर पिथौरा, नमूना सहायक गिरिजाशंकर वर्मा उपस्थित थे। अधिकारियों ने बताया कि प्रशिक्षण पूर्ण होने पर सभी रसोइयों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा, जिससे मध्यान्ह भोजन वितरण की गुणवत्ता और अधिक सुदृढ़ होगी।

मतदाता सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन 15 को होगा मतदान

# चुनाव के रंग में डूबा अधिवक्ता संघ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिला अधिवक्ता संघ की चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है। चुनाव अधिकारी की टीम ने सोमवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया। मतदाता सूची अधिवक्ता कक्ष क्रमांक 3 में चस्पा की गई है। मतदान की तिथि 15 दिसंबर निर्धारित की गई है। इस दिन सुबह 10 बजे दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। इसके बाद 4 बजे से मतगणना शुरू होगी।

जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद नए पदाधिकारियों का चयन करने के लिए चुनाव की



प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सोमवार को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महिला उपाध्यक्ष, सचिव, क्रीड़ा व सांस्कृतिक सचिव, कोषाध्यक्ष, सहसचिव व 8 कार्यकार्यकारिणी सदस्य के लिये नामांकन भरने व जमा करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। मतदाता सूची भी जारी कर दी गई है, जिसमें कुल 354 मतदाता वोटिंग करने के लिए पात्र घोषित किए गए हैं। नामांकन दाखिल करने के पहले दिन दानीराम साहू, नीरजधर तिवारी, भुनेश्वर सिन्हा, कीर्ति शाह ने अध्यक्ष पद के लिए, सचिन जाचक ने उपाध्यक्ष पद के लिए, भीखमलाल सिन्हा ने सचिव पद के लिए, संजय शुक्ला ने कोषाध्यक्ष पद के लिए, परमानंद अग्रवाल ने क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक सचिव के लिए नामांकन पत्र खरीदा है। कार्यकारिणी सदस्य हेतु कोमल थवाईत, महिला उपाध्यक्ष हेतु सुश्री जानकी तिवारी ने फार्म खरीदा है। सचिव पद के लिए भीखमलाल सिन्हा एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए संजय शुक्ला व महिला उपाध्यक्ष के लिए जानकी तिवारी ने नामांकन फार्म जमा भी कर दिया है।

चुनाव अधिकारी अजीत साहू, अशोक कुमार बुधवानी, मोहित देवांगन, अजय सोनवानी, गोपी कुर्रे ने बताया कि नामांकन फार्म लेने व जमा करने के लिए 3 दिसंबर तक का समय दिया गया है। स्क्रूटनी 4 दिसंबर को होगी। नाम वापसी 5 दिसंबर को होगी। अधिकृत प्रत्याशियों की सूची 6 दिसंबर को प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद प्रचार के लिए घमासान मचेगा। चुनाव प्रचार 14 दिसंबर तक होगा।

# रंगोली में गौरा, पोस्टर में रिया रही अव्वल



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोदकुमार पाठक के निर्देशन व रेड रिबन क्लब प्रभारी निरंजन कुमार के मार्गदर्शन में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। निरंजन कुमार ने बताया विश्व एड्स दिवस एचआईवी से पीड़ित लोगों के वास्तविक अनुभवों पर प्रकाश डालने के लिए है। यह एक ऐसा क्षण है जो ऐसे भविष्य के निर्माण के लिए आवश्यक नेतृत्व को प्रेरित करता है जहां एचआईवी किसी के जीवन के आड़े न आए। इस दौरान महाविद्यालय में रंगोली, पोस्टर मेकिंग, रील्स मेकिंग और वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। रंगोली में प्रथम गौरा पाण्डे , द्वितीय रिया जैन एवं तृतीय खुशी साहू रही।

पोस्टर मेकिंग में प्रथम रिया जैन, द्वितीय हिना तारक एवं तृतीय प्रेमा रही। रील्स मेकिंग में प्रथम सिद्धांत दुबे, द्वितीय रिया जैन,वाद-विवाद के पक्ष में प्रथम सिद्धांत दुबे, द्वितीय महिमा मसीह एवं विपक्ष में प्रथम शाहिला परवीन, द्वितीय सरोजनी नेताम रहे। निर्णायक आकांक्षा मरकाम सहायक प्राध्यापक, कुशल चोपड़ा सहायक प्राध्यापक, श्रीमती निशा तिवारी सहायक प्राध्यापक एवं सुश्री दीपाली साहू सहायक प्राध्यापक रहे। कार्यक्रम में प्रियंका, संदीप, तिलेश, एस. कुमार, संकेत, सौरभ समेत एनएसएस के स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# शिवसिंह वर्मा स्कूल ने जीता कमल कप

■ फाइनल में विद्याकुंज लोहरसी स्कूल को एक विकेट से हराया, मयंक बने 'मैन ऑफ द टूर्नामेंट'

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

स्व. बाबू पंढरीराव कृदत इंडोर स्टेडियम आमातालब रोड में आयोजित कमल कप इंटर स्कूल टूर्नामेंट 2025 का फाइनल मुकाबला रोमांच और उत्साह के चरम पर संपन्न हुआ। दर्शकों से खचाखच भरे स्टेडियम में खेले गए इस हाईवोल्टेज मैच में शिवसिंह वर्मा स्कूल ने विद्याकुंज लोहरसी स्कूल को 1 विकेट से हराकर चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया।

फाइनल मुकाबले का टॉस महापौर रामू रोहरा के करकमलों से संपन्न हुआ। उन्होंने खिलाड़ियों का परिचय लेकर उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन और टीम भावना का निर्माण करता है। विशिष्ट अतिथि सभापति कौशल्या देवांगन, एमआईसी अखिलेश सोनकर, विभा चंद्राकर, हिमानी साहू, युगल किशोर यादव सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता



व खेलप्रेमी उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विद्याकुंज लोहरसी स्कूल ने 12 ओवर में 126/8 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाब में शिवसिंह वर्मा स्कूल ने लक्ष्य का पीछा करते हुए संघर्षपूर्ण शुरुआत की, लेकिन मध्य क्रम की धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी से मैच रोमांचक मोड़ पर पहुंचा। अंतिम दो गेंदों पर 6 रन की दरकार थी, तब सुमित देवांगन ने दबाव में शानदार छक्का लगाकर टीम को 127/9 (11.5 ओवर) पर विजयी बना दिया। विजेता टीम को 5100 रुपये व ट्रॉफी, जबकि उपविजेता टीम को 3100 रुपये व ट्रॉफी प्रदान की गई। मैन ऑफ द मैच सुमित देवांगन (43 रन और विजयी छक्का) रहे, जबकि मैन ऑफ द टूर्नामेंट और बेस्ट बॉलर का सम्मान मयंक नायक को मिला। बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार रोहित बक्शानी विद्याकुंज को दिया गया।

# धान खरीदी आशा और भविष्य की नई किरण

■ 60 क्विंटल धान लेकर उपार्जन केंद्र पहुंची निर्मला के चेहरे पर था सुकून

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम अछोटा की किसान निर्मला देवांगन के लिए इस बार की धान खरीदी सिर्फ आमदनी का जरिया नहीं, बल्कि आशा और भविष्य की नई किरण बनकर आई है। सुबह-सुबह वे करीब 60 क्विंटल धान लेकर उपार्जन केंद्र पहुंचीं। चेहरे पर सुकून था, क्योंकि धान बिक्री से मिलने वाली राशि से न सिर्फ घर का खर्च चलता है, बल्कि उनकी बेटी की पढ़ाई का पूरा सपना भी उसी पर टिका है। उनकी बेटी इंजीनियरिंग कर चुकी है और अब यूपीएससी की तैयारी कर रही है।

निर्मला बताती हैं कि इस साल केंद्रों में व्यवस्था पहले से काफी बेहतर है। तौल व्यवस्था सटीक, भीड़ नहीं, लाइन नहीं और काम भी तेज़ी से हो रहा है। स्टाफ सहयोगी है और केंद्रों में परछाई, पीने का पानी, सुरक्षा और स्वच्छता की व्यवस्था सुव्यवस्थित है। इससे किसानों को



सम्मान और राहत, दोनों मिल रहे हैं।

सबसे बड़ी सहजता टोकन तुंहर दुवार ऐप से मिली है। अब किसान घर बैठे टोकन प्राप्त कर सकते हैं और निश्चित समय पर धान बेचने पहुंचते हैं। इससे समय और मेहनत दोनों की बचत हो रही है, खासकर महिला किसानों के लिए यह सुविधा बेहद उपयोगी साबित हो रही है।

निर्मला जैसी हजारों किसान महिलाएं इस सुगम व्यवस्था से लाभान्वित हो रही हैं। उनकी मेहनत सुरक्षित दाम पर बिक रही है, जिससे परिवार के शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका के सपने मजबूत हो रहे हैं। धान खरीदी अब सिर्फ सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि किसानों के भविष्य को नई दिशा देने वाली व्यवस्था बन चुकी है।

प्रतिभागियों ने शहर की दीवारों को चित्रकला, पोस्टर, स्केच और पेंटिंग से सजाया

# कलात्मक अभिव्यक्ति से निखर रही शहर की दीवारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

धमतरी शहर इन दिनों कला, स्वच्छता और सांस्कृतिक ऊर्जा से चमकता हुआ नई पहचान गढ़ रहा है। जिला प्रशासन और नगर पालिका द्वारा प्रारंभ किए गए अभिनव कार्यक्रम 'चमकारी– अपनी कला का करे प्रदर्शन और अपने शहर को सुंदर बनाए' ने शहर की तस्वीर बदलनी शुरू कर दी है। इस पहल ने युवाओं, कलाकारों और विद्यार्थियों में रचनात्मकता की लहर ला दी है, जिसका असर शहर की गलियों और मुख्य मार्गों पर साफ दिखाई दे रहा है।

दीवार चित्रकला, पोस्टर, स्केच और पेंटिंग के माध्यम से प्रतिभागियों




ने शहर को नए रंगों से सजाया है। सरकारी भवनों, विद्यालयों, पार्कों और चौक-चौराहों की दीवारें अब छत्तीसगढ़ की लोककला, देव-परंपरा, जनजातीय विरासत और प्राकृतिक सुंदरता को दर्शाती कलाकृतियों से सजी हुई हैं। इससे न केवल शहर की सुंदरता बढ़ी है, बल्कि नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी विकसित हुई है।

इस अभियान की सफलता में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। उनकी प्रेरणा से युवा बड़ी संख्या में जुड़ रहे हैं। उत्कृष्ट पेंटिंग बनाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार और




प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जा रहा है। जिला प्रशासन गंगरेल डेम, झरनों, जंगलों और पहाड़ी क्षेत्रों को ईको-टूरिज्म व साहसिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में विकसित कर रहा है, जिससे रोजगार और पर्यटन दोनों को बढ़ावा मिला है।

# ब्रम्हाकुमारी संस्थान ने किया शत्रुहन का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय दिव्यधाम सिविल लाइंस में शत्रुहन साहू सदस्य राज्य विधिज्ञ परिषद छग का सम्मान किया गया। बीके सरिता ने श्री साहू के संघर्ष से शिखर तक पहुंचने को विधाता के घर में विधि का सम्मान बताया।

आगे कहा कि न्यायालय में एक अधिवक्ता न्यायाधीश के समक्ष समस्या का संतुलित ढंग से समाधान करता है। दलील, सबूत और तर्कयुक्त शैली से अपने मुवक्किल को न्याय दिलाता है। शत्रुघ्न साहू ने कहा कि यह उनकी नहीं अपितु अधिवक्ता संघ के सदस्यों की जीत है। कार्यक्रम का संचालन कामिनी कौशिक तथा आभार प्रदर्शन अधिवक्ता यशवंत साहू ने किया।

## खबर संक्षेप



### अरंड हाईस्कूल में नए प्राचार्य ने संभाला कार्यभार

**अरंड (पिथौरा)।** शासकीय हाईस्कूल अरंड में स्थापना के बाद से पहली बार पूर्णकालिक प्राचार्य मिला है। हायर सेकेंडरी गोड़बहाल के वरिष्ठ व्याख्याता एनके तिवारी ने पदोन्नत होकर अरंड स्कूल में प्राचार्य पद पर कार्यभार ग्रहण किया। शाला प्रबंधन एव विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व सरपंच कार्तिक राम पटेल, ग्राम प्रमुख शिवचरण ध्रुव, शिक्षक कौतुक पटेल ने प्राचार्य तिवारी से मुलाकात कर बेहतर शैक्षणिक वातावरण निर्माण की बात कहीं। इस अवसर पर व्यख्याता सोनसाय पटेल, देउक राम ध्रुव, टीकम पटेल, प्रदीप कर, नाथू राम साहू, गेंद राम विश्वकर्मा, कांतिलाल निर्मलकर, युवराज निर्मलकर आदि उपस्थित थे।



### सरायपाली स्वास्थ्य केंद्र में लगा मेंटल हेल्थ कैंप

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पी कुदेशिया, नीलू घृतलहरे डीपीएम, डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराईपाली में मेंटल हेल्थ कैंप आयोजित किया गया। जिसमें 36 मरीजों को निःशुल्क दवाई के साथ साईकोसोशल इंटरवेंशन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराईपाली डॉ कुणाल नायक बीएमओ, डॉ वर्षा सतपथी, शीतल सिंह बीपीएम, प्रदीप कुमार साहू आरएमए उपस्थित रहे। मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल से रामगोपाल खूंटे द्वारा मानसिक रूप से ग्रस्त मरीजों को निदान किया गया।

### कोसरंगी में सिद्ध बाबा मेला 4 को

**महासमुंद।** ग्राम कोसरंगी में 4 दिसंबर गुरुवार को सिद्ध बाबा का मेला का आयोजन किया गया है, जो इस क्षेत्र का प्रथम मेला होता है। यह मेला सिद्ध बाबा को समर्पित है। इस मौके पर रात्रि में सांस्कृतिक प्रोग्राम आर्केस्टा एव विविध कार्यक्रम होंगे। उक्त जानकारी ग्राम विकास समिति कोसरगी के अध्यक्ष जीवनलाल यादव ने दी है।

# तरेकेला आश्रम की भूमि विवाद पर दानदाता व आश्रम समर्थकों ने उठाई आवाज, फर्जी दस्तावेज़ों का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

तरेकेला ग्राम स्थित कबीर तरेकेला आश्रम की भूमि को लेकर विवाद एक बार फिर गहराता दिखाई दे रहा है। आश्रम के दानदाता परिवार और कबीर कुटी के समर्थकों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सन 1929 में उनके पूर्वज रायसिंह दाऊ ने सार्वजनिक हित और आध्यात्मिक उद्देश्य से यह जमीन आश्रम निर्माण के लिए दान में दी थी, ताकि यहां कबीर कुटी का निर्माण हो सके और श्रद्धालुओं में आस्था जागृत रहे। दानदाता परिवार का आरोप है कि आश्रम की वही जमीन आज किसी व्यक्ति विशेष, गोपाल दास, ने फर्जी कागजातों और भ्रामक दस्तावेज़ों के सहारे अपने नाम करा ली है, जो पूरी तरह गलत और आश्रम हितों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि यह भूमि न तो किसी व्यक्ति की निजी संपत्ति थी और न हो सकती है। यह सार्वजनिक दान की जमीन है, जिसे व्यक्तिगत नाम पर दर्ज कराना गंभीर अपराध है।



#### आगामी आयोजन, 5 फरवरी से 7 दिवसीय भागवत कथा

कबीर कुटी समर्थकों ने बताया कि आश्रम परिसर में 5 फरवरी से सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें वृंदावन से पधारी कथा वाचिका द्वारा कथा का वाचन होगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं और ग्रामवासियों से इस धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

#### तीन पिता के दस्तावेज़ सामने आए, महंत लखन मुनि दास ने की कड़ी निंदा

कबीर कुटी समर्थकों ने प्रेस के समक्ष जो दस्तावेज़ प्रस्तुत किए, उनमें गोपाल दास के पिता के नाम तीन अलग-अलग रूप में दर्ज हैं। आधार कार्ड में अलग नाम, वोटर आईडी में अलग नाम, बैंक पासबुक में फिर अलग नाम। समर्थकों ने आरोप लगाया है कि भूमि हस्तांतरण के लिए इन विरोधाभासी दस्तावेज़ों का उपयोग किया गया, जिससे पूरा प्रकरण संदिग्ध साबित होता है। आश्रम के महंत लखन मुनि दास ने इसे "आस्था पर हमला" बताते हुए इसकी घोर निंदा की। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति द्वारा फर्जी दस्तावेज़ों के आधार पर आश्रम की जमीन हथियाने जैसा कृत्य अस्वीकार्य है और इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**ग्रामीणों ने भी उठाई आवाजः** ग्रामीणों का कहना है कि गोपाल दास पहले स्वयं सार्वजनिक तौर पर कह चुका है कि उसे तरेकेला गांव से कोई मतलब नहीं, लेकिन अब वही व्यक्ति बाहर से आकर आश्रम की जमीन पर दावा ठोक रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उसने "कबीर कुटी की जमीन को अपने नाम दर्ज कराने के लिए धोखाधड़ी पूर्ण दस्तावेज़ों का सहारा लिया है। दानदाता परिवार और समर्थकों ने प्रशासन से तत्काल जांच कर जमीन को पुनः आश्रम के नाम दर्ज करने की मांग की है।

# युवक-युवती परिचय सम्मेलन को लेकर हुई गोंड समाज की बैठक



**नर्रा।** अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ केंद्रीय समिति का कार्यकारिणी की बैठक सुवरमार राज़ के सर्कल कसेकेरा के आश्रित ग्राम महादेवा में हुई। जिसमें युवक-युवती परिचय सम्मेलन कार्यक्रम 7 दिसंबर 2025 रविवार को प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने समाज के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़ केंद्रीय समिति रानी महल पिथौरा ने सामाजिक बंधुओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में सम्मिलित होने की अपील की है। सभी सर्कल अध्यक्षों एवं ग्राम पंचों को शादी योग्य युवक- युवती ना छूटे। साथ ही अपने-अपने बायोडाटा के साथ परिचय सम्मेलन में उपस्थित होने की अपील की है। इस दौरान केंद्रीय अध्यक्ष बसंता ठाकुर, महासचिव लाभो ठाकुर, कोषाध्यक्ष पूरन ठाकुर, केंद्रीय महिला प्रभाग अध्यक्ष रामबती ठाकुर, केंद्रीय सदस्य कोमल सोम, सर्कल अध्यक्षगण मोहर सिंह ठाकुर, सुरेंद्र मांझी, मोहन ठाकुर, ओंकार ठाकुर, महिला प्रभाग सर्कल अध्यक्ष संगीता ठाकुर, पुरैना ठाकुर समेत समाज के मीडिया प्रभारी तूफान दीवान उपस्थित रहे।

## विडंबना : शिक्षा विभाग में फर्जी नियुक्ति का मामला, अनेक बार गुहार लगाने पर भी नहीं मिला न्याय


# मृत शिक्षक के पुत्र ने लगाई न्याय की गुहार 30 साल बाद भी अब तक नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

छत्तीसगढ़ के जिले के शिक्षा विभाग में एक गंभीर फर्जी नियुक्ति का मामला सामने आया है। सरायपाली विकासखंड के ग्राम पंचायत नूनपानी चकरदा निवासी प्रेमसागर चौहान ने प्राथमिक शाला गौरटेक के प्रधानपाठक संतलाल मुखर्जी पर फर्जी अनुकंपा नियुक्ति का आरोप लगाते हुए शासन-प्रशासन से जांच कर विधिक कार्रवाई की मांग की है।

शिकायतकर्ता प्रेमसागर चौहान ने बताया कि उनके पिता स्वर्गीय कन्हैयालाल चौहान वर्ष 1991 से पूर्व ग्राम पंचायत चकरदा में सहायक शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। वर्ष 1991 में उनके पिता की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। उस समय प्रेमसागर की उम्र मात्र दो वर्ष थी। पिता की मृत्यु के बाद उनकी माता घर छोड़कर कहीं चली गईं और दादी करमायत बाई ने ही उनका पालन-पोषण किया।

प्रेमसागर ने बताया कि वर्ष 1995 के आसपास उनकी दादी को यह जानकारी मिली कि उनके पिता की मृत्यु के बाद अनुकंपा नियुक्ति का लाभ किसी अन्य व्यक्ति संतलाल मुखर्जी (पिता जगसाय मुखर्जी, निवासी सिंघनपुर) को दे दिया गया, जबकि वह उनके परिवार या वंश वृक्ष से किसी प्रकार का संबंध नहीं रखते। इस पर उनकी दादी ने तत्कालीन




अधिकारियों से कई बार शिकायत की और नियुक्ति को निरस्त करने की मांग की, परंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

लगभग 30 वर्षों के बाद प्रेमसागर चौहान ने स्वयं न्याय पाने के लिए कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने मांग की है कि संतलाल मुखर्जी की नियुक्ति की जांच कर यदि अनियमितता साबित होती है तो उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित या बर्खास्त किया जाए। साथ ही फर्जी तरीके से सरकारी सेवा प्राप्त करने पर एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए तथा सेवा अवधि के दौरान मिले सभी वेतन और लाभ की वसूली (रिकवरी) की जाए। प्रेमसागर का कहना है कि उनकी दादी ने गरीबी में दूसरों के घरों में काम कर उन्हें बड़ा किया। कई बार शिकायत करने के बावजूद न्याय नहीं मिला। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जब भी उन्होंने इस मामले में आवाज उठाई, उन्हें डराने-धमकाने और दबाव बनाने की कोशिश की गई।

वर्तमान में संतलाल मुखर्जी जिले के शासकीय प्राथमिक शाला गौरटेक में प्रधानपाठक के रूप में कार्यरत हैं। शिकायतकर्ता ने शासन से निवेदन किया है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की फर्जी अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण दोबारा न हों।

## महालक्ष्मी की पूजा में बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तगण



**सरायपाली।** भाजपा मंडल बलौदा के ग्राम पंचायत तोरेसिंहा में मां महालक्ष्मी की पूजा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुई। जिसमें जिला पंचायत सभापति एवं भाजपा जिला मंत्री कुमारी भास्कर, जनपद पंचायत वन सभापति गिरजा शंकर मेहेर (राजेश मेहेर), जनपद पंचायत मत्स्य सभापति उद्धव नंद, भाजपा कार्यकर्ता आकाश प्रधान, धनेश्वर भास्कर एवं महालक्ष्मी समिति के सदस्यगण तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।

आज दशगात्र

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावक:।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूत:।।

जिस समय सत्त्वगुण बढ़ा हो उस समय यदि देहधारी मनुष्य शरीर को त्यागता है, तो वह उत्तमवेत्ताओं के निर्मल लोकों में जाता है।

आपका स्नेहील सरल व्यवहार, अथक परिश्रम, धार्मिक रचनात्मक प्रवृत्ति, अपनी जिम्मेदारियां निःस्वार्थ भावों से निभाने, जीवन मूल्यों एवं जिंदा दिल व्यक्तित्व हमें हमेशा प्रेरणा एवं मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा।



स्व.श्री अमित चंद्राकर जी
जन्म 12.04.1981/स्वर्गवास 23.11.2025

कार्यक्रम
दशगात्र
दिनांक : 2 दिसंबर 2025,
दिन-मंगलवार
कार्यक्रम स्थान : स्थान ग्राम
बरबसपुर (बिरकोनी) महासमुंद

-विनीत-
दिव्या चंद्राकर (पत्नी), श्री तारेन-श्यामा चंद्राकर (मां-पापा)
श्री बालमुकुंद-राजकुमारी चंद्राकर (चाचा-चाची)
श्री सालिकराम-पुष्पा चंद्राकर (चाचा-चाची)
श्री रेखुराम-करूणा चंद्राकर (चाचा-चाची)
श्री सुरेश-कविता चंद्राकर (चाचा-चाची)
श्री धनेश-मेनका चंद्राकर (चाचा-चाची)
श्री आकाश-पारूल चंद्राकर (भाई-बहु)-श्री अम्बर-ऋतु चंद्राकर (भाई-बहु)
पलक (पुत्री), रूबल चंद्राकर (पुत्र) मनीष, रितेश, शिवम, सत्यम, शौर्य, रूद्र,
श्रीजा एवं समस्त बरबसपुर,बिरकोनी, कौंआझर चंद्राकर परिवार....
मो.नं. 9926488000,9977910581

नोट : जिन स्नेहीजनों को शोकपत्र न मिला हो, कृपया इसे ही स्वीकार करें...

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता में ब्लू एवं रेड हाउस बने विजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक दिवसीय इंटर हाउस वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शाला के प्राचार्य रेव्ह. फादर देवानंद बाघ की शुभकामनाओं के साथ यह खेल आरंभ हुआ, जिसमें सीनियर बालक वर्ग में ब्लू हाउस और यलो हाउस सेमी फाइनल खेल कर फाइनल राउंड में पहुंचे। जिसमें ब्लू हाउस विजयी रही। इसी क्रम में बालिका वर्ग से रेड हाउस और ग्रीन हाउस के बीच खेले गए मैच में रेड हाउस विजेता रहे। यह मैच अत्यंत आकर्षक एवं मनोरंजक रहा, जिसका आनंद विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उठाया। इस प्रतियोगिता में खेल प्रभारी छन्नू लाल साहू का योगदान महत्वपूर्ण रहा।

## दिव्यांगजनों के लिए कल विविध गतिविधियों का आयोजन

**महासमुंद।** दिव्यांग व्यक्तियों के प्रति समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने, उन्हें समान अवसर एवं अधिकार प्रदान कराने तथा उनके सामर्थ्य से समाज को परिचित कराने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 3 दिसंबर 2025 को प्रातः 9 बजे से सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भलेसर रोड महासमुंद में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए विविध गतिविधियां आयोजित की जाएगी। जिसमें खेल-कूद प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, टॉक शो, फैंसी ड्रेस कॉम्पिटिशन, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर शामिल है। इसके साथ ही अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर जिले का नाम रोशन करने वाले दिव्यांगजनों को सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार दिव्यांगता के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे अशासकीय एवं स्वैच्छिक संस्थाओं का भी सम्मान किया जाएगा। उप संचालक समाज कल्याण विभाग संगीता सिंह ने अधिक से अधिक दिव्यांगजन, स्कूली एवं महाविद्यालयीन दिव्यांग छात्र-छात्राओं तथा दिव्यांगता क्षेत्र में सक्रिय अशासकीय स्वैच्छिक संस्थाओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# चिरको में निकाली गई एड्स जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में रेड रिबन, यूथ रेड क्रॉस सोसायटी व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान के निर्देशन में तथा रेड रिबन क्लब प्रभारी लता भोई व राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी मनहरण ठाकुर के मार्गदर्शन में एड्स जागरुकता पखवाड़ा के अंतर्गत जागरुकता रैली निकाली गई। जिसमें स्वयंसेवकों द्वारा नारे




लगाते हुए एवं एड्स जागरुकता से संबंधित पंपप्लेट बांटते हुए महिलाओं, युवाओं एवं ग्रामवासियों को एड्स से बचाव के उपाय, कानूनी प्रावधान, भेदभाव पर रोक, एचआइवी संक्रमित लोगों के प्रति सद्भावना और सहयोग को प्रोत्साहित करने के विषय में बताते हुए एचआईवी एड्स एक्ट 2017 के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता व तीनों संकाय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### राम मंदिर में मनाई गई गीता जयंती

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के राममंदिर में गीता जयंती पर महिलाओं ने पूजा अर्चना की। इस दौरान हिरेंद वैष्णव ने बताया कि गीता का महत्व भारतीय संस्कृति और धर्म के पावन पर्वों में गीता जयंती का विशेष स्थान है। हर साल मनाई जाने वाली यह जयंती, महाभारत के युद्धभूमि कुरुक्षेत्र में भगवान कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया भगवद गीता का उपदेश स्मरण करती है। गीता जयंती का मुख्य उद्देश्य मानव जीवन में धर्म, कर्म और अध्यात्म के मार्ग को उजागर करना है। इस वर्ष, 2025 में गीता जयंती 1 दिसंबर को मनाई गई। देशभर के मंदिरों, आश्रमों और शैक्षणिक संस्थानों में विशेष आयोजन हुए। इस अवसर पर हीरेन्द वैष्णव, फुलेश्वरी चंद्राकर, उत्तरा चंद्राकर, सरोज चंद्राकर, लक्ष्मी चंद्राकर, कामता चंद्राकर, लीना चंद्राकर, उमा चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### प्रांत स्तरीय दत्तात्रेय प्राकट्योत्सव 4 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद की कार्यकारिणी बैठक ग्राम लभराकला हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 4 दिसंबर को राजिम में आयोजित प्रांत स्तरीय दत्तात्रेय प्राकट्योत्सव में जिले से अधिक से अधिक संख्या में सदस्यगण शामिल होंगे। वहीं जिले की आमसभा फरवरी में किया जाएगा। जिसमें जिला इकाई के नवीन निर्वाचन का कार्यक्रम निर्धारित किया जाएगा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया, जिसमें महिलाओं और बच्चों को भी आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में जिला अध्यक्ष तोषण गिरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष रामेंद्र प्रकाश गिरी, सचिव ओमप्रकाश पुरी, डिगेंद्र गिरी, मनोज गिरी, अर्जुन गिरी, संतोष गिरी, राजू गिरी, बबलू गोस्वामी, युवराज बन, शीतल गोस्वामी, प्रियंका गोस्वामी, डाली गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।



### योग भवन में गीता जयंती पर रोपे गए चंदन के पौधे

**महासमुंद।** गीता जयंती पर स्वामी शिवानंद योगभवन में डोंगरगढ़ से पहुंचे स्वामी विद्यानंद सरस्वती द्वारा चंदन के पौधे रोपे गए। इसके अलावा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर स्वामी सरस्वती विद्यानंद ने कहा कि पौधे हमें आक्सीजन देते हैं, इसलिए पौधरोपण करना चाहिए। दिव्य जीवन संघ के अध्यक्ष ने कहा कि प्रकृति की इस आक्सीजन की सुरक्षा की सभी की जवाबदारी हमारी है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से हुकुमचंद शर्मा, नुकेश चंद्राकर, परमानन्द, चोइथराम राजपाल, नंदू नंदवानी, तारेंद्र चंद्राकर, लक्ष्मीनाथ चंद्राकर परमानंद चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, प्रमोद चंद्राकर, सुखनंदन धीवर, लालदास मानिकपुरी मौजूद रहे।

## आयोजन : छात्र-छात्राओं के लिए विविध विषयों पर हुई चित्रकला स्पर्धा

# एड्स जागरुकता एवं बच्चों से संबधित अपराध पर आधारित हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं स्टेट प्लान आफ एक्शन के तहत विशेष दिवस पर किए जाने वाले कार्यक्रम के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर विश्व एड्स दिवस पर 01 दिसंबर को जिला न्यायालय के सभाकक्ष में रिवरडेल स्कूल के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में विधिक जागरुकता पर आधारित एड्स और साइबर सुरक्षा जागरुकता कार्यशाला आयोजित किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो ने बताया कि कार्यक्रम में रिवरडेल स्कूल से पहुंचे छात्र-छात्राओं के साथ जागरुकता रैली निकाली गई, जिसे प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में एड्स एवं साइबर सुरक्षा जागरुकता कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में गुप्तेश आचार्य ने एड्स एवं साइबर अपराधों की बढ़ती चुनौतियों और डिजिटल सुरक्षा के उपायों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके अलावा प्राधिकरण द्वारा उपस्थित छात्र-छात्रों के मध्य विधि विषयों पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दी गई।




कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग से उपस्थिति चिकित्सक व सह स्टाफ भी उपस्थित रहे। प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया द्वारा अपने उद्बोधन में उपस्थित छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई।

इस अवसर पर कुटुम्ब न्यायालय के न्यायाधीश प्रभुल्ल कुमार सोनवानी, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एफटीसी मोनिका जायसवाल, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश आनंद बोरकर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतना ठाकुर, सचिव आफरीन बानो सहित अन्य न्यायिक अधिकारीगण, चिकित्सा अधिकारी पारखी मेहता एवं कर्मचारीगण, रिवरडेल स्कूल से पहुंचे शिक्षकगण और अधिकार मित्र उपस्थित रहे।

# नपाध्यक्ष ने नए बस स्टैंड निर्माण के लिए मांगा विधायक से सहयोग

**नए बस स्टैंड निर्माण व टाउन हॉल के सौंदर्यीकरण के लिए बजट स्वीकृत कराने की मांग**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय टाउन हॉल में आयोजित भवन अनुज्ञा पत्र वितरण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने शहर विकास से संबंधित विभिन्न कार्यों के लिए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से चर्चा कर उनका सहयोग मांगा। साहू ने विधायक को बताया कि शहर की बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए नए आधुनिक बस स्टैंड की जरूरत है। साथ ही टाउन हॉल की मरम्मत व सौंदर्यीकरण की आवश्यकता है। इन दोनों कार्यों को कराने का प्रस्ताव परिषद की बैठक में भी लाया जा चुका है। साथ ही बस स्टैंड के लिए नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से बजट स्वीकृत करने की मांग की जा चुकी है। इस जनहित के कार्यों को तत्काल स्वीकृत कराए जाने की महती आवश्यकता है। साहू ने विधायक से अनुरोध किया कि नए बस स्टैंड की स्वीकृति व टाउन हॉल के सौंदर्यीकरण के लिए प्रयास कर तत्काल बजट पास कराकर सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि नगरवासियों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए पालिका भरपूर प्रयास कर रही है।

इस अवसर पर समस्त सभापतियों, उपस्थित पार्षदगणों ने भी सहमति प्रदान करते हुए ज्ञापन में हस्ताक्षर किया। पालिका अध्यक्ष साहू ने कहा कि नए बस स्टैंड का निर्माण और नगर का विकास जनता का अधिकार है। यह पहल नगर के दीर्घकालिक विकास एवं नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



### विधायक ने किया पीएम आवास योजना शहरी 2.0 के तहत स्वीकृति पत्र एवं अनुज्ञा पत्र का वितरण

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत नगर पालिका द्वारा सोमवार को स्थानीय टाऊन हॉल में अनुज्ञा एवं स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने हितग्राहियों को अनुज्ञा एवं स्वीकृति पत्र वितरण किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू सहित सीएमओ अशोक सलामे, इंजीनियर हेमंत पिस्दा, आवास प्रभारी लोकरंजन साहू, दुर्गेश कुंजेकर, करण यादव, नौशाद बख्श, सीताराम चेलक, रिक्की महंती सहित अन्य उपस्थित रहे।

# 5 डिसमिल से कम कृषि भूमि की रजिस्ट्री रोक के बाद अब साय सरकार का एक और जनविरोधी फरमानः राकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने बीजेपी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि साय सरकार द्वारा प्रदेश में जमीनों के रजिस्ट्री और गाइडलाइन दरों में बेतहाशा 500 से 1000 प्रतिशत वृद्धि के विरोध में प्रदेश के सभी जिलों में आम आदमी पार्टी विरोध प्रदर्शन करेंगी। उन्होंने कहा कि 5 डिसमिल (लगभग 2200 वर्गफीट) से कम कृषि भूमि की रजिस्ट्री रोक के बाद साय सरकार द्वारा एक और जन विरोधी आदेश जारी कर दिया गया है। प्रदेश में जमीनों की रजिस्ट्री और गाइडलाइन दरों में बेतहाशा 500 से 1000 प्रतिशत वृद्धि कर बीजेपी सरकार यह स्पष्ट कर रही है कि छत्तीसगढ़ सरकार पूंजीपतियों के हाथों बिक चुकी है। आम आदमी पार्टी बीजेपी सरकार से अनुरोध करती हैं, ऐसे जनविरोधी आदेश को तुरंत वापस ले अन्यथा आम आदमी पार्टी का हर एक कार्यकर्ता एवं प्रदेश की जनता सड़क पर उतरने को विवश हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि अभी विरोध के साथ बढ़ी गाइडलाइन की दरों की वापसी की मांग को लेकर सरकार को जिलवार ज्ञापन देकर वित्त मंत्री ओपी चौधरी का 2 दिसंबर को प्रदेशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। झाबक ने बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने जो नई जमीन गाइडलाइन दरें घोषित की हैं



उसे सिर्फ बड़े जमीन के कारोबारियों के फायदे के लिए बनाया गया है। जमीन गाइडलाइन दर में 10 से 100 प्रतिशत की गयी, बेतहाशा बढ़ोतरी सरकार तानाशाही पूर्ण फैसला है। सरकार अब खुले तौर पर प्रदेश की जनता के साथ व्यापार करने में जुट गई है। जबकि, एक चुनी हुई सरकार जनता के हित में योजना बनाती है, लेकिन इस सरकार द्वारा जो भी निर्णय लिए जा रहे है उनकी मंशा को देखे तो ऐसा लगता है कि ये सरकार अब खुलेआम व्यापार करने आई है। इस फैसले से न सिर्फ जमीन का कारोबार खत्म होगा। गरीबों, किसानों, मध्यवर्गीय परिवार की जमीन खरीद कर मकान बनाने का सपना टूट जाएगा। किसान अपनी खेती जमीन न खरीद पायेगा और ना ही जरूरत आने पर जमीन बेंच पाएगा। उन्होंने कहा कि बड़ी गाइडलाइन दरों से मध्यम वर्ग और गरीब आदमी परेशान नजर आ रहा है और प्रदेश की आम जनता के लिए जब तक सरकार बढ़ी हुई गाइडलाइन दरें कम नहीं करती, तब तक हमारी पार्टी सड़क पर आंदोलन करती रहेगी।

### पॉलीटेक्निक में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय पॉलीटेक्निक महासमुंद की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा संस्था परिसर में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मुख्य नगर पालिका परिषद के सहयोग से छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) की टीम द्वारा संचालित हुआ। शिविर में संस्थान के 50 से अधिक छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों का ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल, हीमोग्लोबिन सहित विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। साथ ही जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। चिकित्सा दल में धर्मेंद्र भारद्वाज प्रोजेक्ट मैनेजर, डॉ. गंगेश्वर चरण दीवान चिकित्सक, तीरथ पटेल फार्मासिस्ट, मनीषा साहू स्टाफ नर्स, प्रमिला राणा लैब टेक्नीशियन एवं रामेश्वर प्रजापति ड्राइवर मौजूद रहे। कार्यक्रम के सहयोग के लिए कार्यक्रम अधिकारी सालिक राम ढीमर एवं उमाशंकर यादव मौजूद रहे। स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य युवा छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ के बीच स्वास्थ्य जागरुकता बढ़ाना तथा समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने की आदत विकसित करना था। एनएसएस के स्वयंसेवकों ने शिविर के पंजीयन, व्यवस्थापन एवं प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संस्थान की प्राचार्य चंद्रिका विश्वकर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन संस्थान को स्वस्थ, जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक तैयार करने की दिशा में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं।

# धान खरीदी को लेकर भाजपा सरकार गंभीर नहींः रश्मि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस की पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा सरकार किसानों को धान बेचने से वंचित करने जैसी स्थिति बना रही है। न तो शासन गंभीर है और न ही भाजपा के चुने हुए जनप्रतिनिधियों को किसानों की चिंता है। भाजपा सरकार को किसानों की समस्याएं दिखाई ही नहीं दे रही। हर धान खरीदी केंद्र में प्रतिदिन मात्र 10–15 किसान ही धान बेच पा रहे हैं। किसान लगातार चक्कर काट रहे हैं, लेकिन भाजपा के चुने हुए जनप्रतिनिधि समाधान के लिए शासन-प्रशासन को साधारण पत्राचार तक करना आवश्यक नहीं समझ रहे। एग्रोस्टेक पोर्टल के नाम पर किसानों का रकबा काटा जा रहा है, आनावरी रिपोर्ट के नाम पर फसल की पैदावार काटी जा रही है। बहुत बड़ी चुनौती किसानों के सामने है। आगे डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि बिजली की समस्या अलग है, जमीन के जो दाम बढ़े हैं उसकी लड़ाई अलग है। डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि अभी तो भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का घेराव हो गया है, अभी देखते जाइए भाजपा का कोई नेता गांवों में, शहरों में नहीं घुस पाएगा.भाजपा सरकार के पास धान खरीदी को लेकर कोई उचित व्यवस्था नहीं हैं। सुबह 8 बजे से किसान टोकन तुहर द्वार एप में में लगे रहते हैं जब एप खुलता है तो टोकन फुल हो जाता है। किसानों को ऑनलाइन टोकन नहीं मिल रहा है। किसान टोकन के लिए सोसाइटी में भटक रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ना टोकन कट रहा है ना धान बेच पा रहे। कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने कोरोना महामारी की विपरीत परिस्थितियों के बावजूद सुचारू व्यवस्था के साथ हुआ था। वहीं आज भाजपा की लापरवाही से धान खरीदी पूरी तरह ठप है। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने बताया कि ऐप पर मात्र कुछ मिनट में ही टोकन कटना बंद हो जाता है। तकनीक न जानने के कारण बुजुर्ग, आदिवासी और सामान्य किसान टोकन कटवाने के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। धान की कटाई पूरा करने के बाद भी बेच नहीं पा रहे डॉ रश्मि चंद्राकर बताया कि महासमुंद जिले के अधिकतर किसानों को न तो मोबाइल चलाना आता है और न ही टोकन कटाने की प्रक्रिया समझ में आती है। इसके कारण हजारों किसान धान की कटाई पूरा करने के बाद भी बेच नहीं पा रहे हैं। डॉ रश्मि चंद्राकर ने ऑफलाइन टोकन व्यवस्था फिर से शुरू करने की मांग करते हुए कहा कि यह जनहित का मुद्दा है। यदि समय पर समाधान नहीं हुआ, तो किसान धान बेचने से वंचित रह जाएंगे। महासमुंद जिले के लगभग 90 प्रतिशत किसानों की धान कटाई पूरी हो चुकी है, लेकिन टोकन न मिलने से वे चिंतित और असहाय महसूस कर रहे हैं।



### आईटीआई में मनाया गया विश्व एड्स दिवस

**महासमुंद।** आईटीआई की एनएसएस इकाई द्वारा विश्व एड्स जागरूकता दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एनएसएस के स्वयं सेवक एवं सेविकाओं को एड्स एवं एचआईवी संक्रमण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खिलेश्वरी ध्रुव ने अपने व्याख्यान में एचआईवी एड्स के शरीर में प्रवेश करने और विभिन्न माध्यमों से संक्रमण फैलने के तरीकों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई या सिरिज का उपयोग, संक्रमित रक्त का चढ़ाव तथा गर्भावस्था या स्तनपान के दौरान मां से शिशु तक यह संक्रमण फैल सकता है। विशिष्ट अतिथि एचएल वर्मा ने अपने संबोधन में एड्स पीड़ित लोगों के प्रति संवेदनशील और सहयोगात्मक दृष्टिकोण रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम अधिकारी भूपेंद्र कुमार साहू ने कहा कि जागरूकता ही एड्स की रोकथाम का सबसे बड़ा हथियार है। कार्यक्रम में मंच संचालन स्वयं सेवक दुलेशवर पैकरा ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षण अधिकारी निशा सालोमन एवं प्रेमलता साहू द्वारा रेड रिबन का मानव श्रृंखला बनाई गई। इस अवसर पूनाराम, पायल, सरिता, विनय, राज, सूरज एवं अन्य स्वयंसेवक बहुतायत की संख्या में उपस्थित रहे।



### जिले के 6 जरूरतमंदों के लिए 95 हजार रुपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने स्वेच्छानुदान मद से जिले के 6 जरूरतमंदों के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें चिकित्सकीय उपचार के लिए 4 लोगों के लिए 65 हजार रुपए एवं शिक्षा के लिए 2 लोगों के लिए 30 हजार रुपए के मान से कुल 95 हजार रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इनमें महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत चिकित्सा के लिए ग्राम रसोड़ा की काजल सोना, ग्राम बोंदानवापाली की काजल राणा, ग्राम लहंगर की मीना बाई देवदास एवं पिथौरा के ग्राम कोल्दा निवासी भुवन लाल के लिए तथा शिक्षा हेतु महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम गाड़ाघाट बोहंदी के केशव नायक एवं ग्राम लाफ़नि खुर्द की रोशनी साहू के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत राशि प्राप्त करने के लिए लाभार्थियों को मतदाता परिचय पत्र, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, राशन कार्ड, स्वयं के दो फोटो सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज संबंधित तहसील कार्यालय में प्रस्तुत करने होंगे। इसके बाद स्वीकृत राशि का भुगतान आरटीजीएस के माध्यम से किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ी फिल्म हाय पईसा 5 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- टीवी रिपोर्टर रेखराज दिखेंगे एडिशनल एसपी की भूमिका में

छत्तीसगढ़ी फिल्म "हाय पईसा" आगामी 5 दिसंबर को रिलीज होने जा रही है। निर्माता–निर्देशक तोरण राजपूत की इस फिल्म में मनोरंजन, रोमांच और कॉमेडी का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा। फिल्म में सुपरस्टार मन कुरैशी और आकाश सोनी की सुपरहिट जोड़ी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएगी। वहीं संजय महानंद जहां



पुष्पा के दमदार किरदार में दर्शकों को प्रभावित करेंगे, तो दीवाना पटेल अपनी खास कॉमेडी शैली से दर्शकों को हंसाने तैयार हैं। फिल्म की शूटिंग छत्तीसगढ़ के कई खूबसूरत लोकेशनों के साथ जिले के सिरपुर क्षेत्र के सुकुलबाय, तुमगांव थाना और तुमगांव चौक ओवरब्रिज सहित विभिन्न प्राकृतिक वादियों में की गई है, जो फिल्म को विजुअल रूप से और भी आकर्षक बनाती है। फिल्म में जिले के टीवी रिपोर्टर रेखराज साहू एडिशनल एसपी की महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे।

# मगधा यादव समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

मगधा यादव समाज कोमाखान तहसील द्वारा आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन बागबाहरा टाउन हॉल में उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ।

समाज में विवाह योग्य युवक–युवतियों को एक मंच पर लाने और उचित वैवाहिक परिचय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित इस सम्मेलन में गरियाबंद जिला, नुआपाड़ा (ओडिशा), बसना, रायपुर, मंदिरहसौद, महासमुंद और छुरा क्षेत्र से आए कुल 32 युवक–युवतियों ने मंच पर अपना विस्तृत परिचय दिया। सभी प्रतिभागियों ने अपनी शिक्षा, पारिवारिक पृष्ठभूमि, पेशा और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ समाज के समक्ष प्रस्तुत कीं। सम्मेलन का उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज के वरिष्ठ समाजजनों ने कहा कि यादव समाज में बढ़ती शिक्षा, सामाजिक चेतना और रोजगार के अवसरों के बीच विवाह योग्य युवाओं को सही परिवार व योग्य जीवनसाथी खोजने में सहूलियत देने के लिए ऐसे परिचय सम्मेलन समय की आवश्यकता हैं। समाज के इन पदाधिकारियों ने परिचय सत्र का मार्गदर्शन किया और प्रतिभागियों को वैवाहिक जीवन में समझ, सहयोग, संस्कार और सामाजिक मूल्यों के महत्व पर प्रेरक विचार रखे। युवक–युवती परिचय सम्मेलन समाज के युवाओं को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। इससे पारदर्शिता बढ़ती है, परिवारों के बीच संवाद स्थापित होता है और समाजिक एकता मजबूत होती है। समाज के वरिष्ठजनों और अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की और भविष्य में इसे वार्षिक कार्यक्रम के रूप में आयोजित करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी आगंतुकों, प्रतिभागियों और यादव समाज के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। सम्मेलन के सफल आयोजन से समाज में हर्ष का वातावरण रहा और इसे एक ऐतिहासिक प्रथम कदम माना गया। कार्यक्रम में रामसिंह यादव, हरिशंकर यादव, राजेश कुमार यादव, मोहनदीप यादव, बरसाती यादव, नंद कुमार यादव, हरिकृष्ण यादव, जितेंद्र बांक, ठंडाराम यादव, कर यदु, राधेश्याम बगर्ती, श्याम यादव, दशरथ यादव, पीतांबर बगर्ती, मनोहर यादव, पूर्णचंद महाकुर, सेतकुमार थापा, लाल बहादुर यादव, मुरली यादव, नजाक सिंह यादव, दिलीप यादव, छबि यादव, देवा यादव, सुभाष हंस, तुलाराम यादव, संतोष यादव, राधा यादव, लक्ष्मी यादव आदि उपस्थित रहे।

